भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1986
दिनांक 11.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

तेलंगाना में जल जीवन मिशन

†1986. श्री रमासहायम रघुराम रेड्डीः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या तेलंगाना में जल जीवन मिशन (जेजेएम) केंद्रीय डैशबोर्ड ऐसे किसी ब्लॉक/मंडल को दर्शाता है जहां नवीनतम रिपोर्टिंग तिथि तक घरेलू नल से जल कनेक्शन के लक्ष्य पूरे नहीं हुए हैं और ऐसे अंतर के क्या कारण हैं तथा वन संबंधी मंजूरी, भूमि अधिग्रहण में विलंब या जल गुणवत्ता संबंधी मुद्दों का ब्यौरा क्या है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कितने घरों में अभी भी कार्यात्मक नल से जल कनेक्शन नहीं हैं तथा पिछले दो वर्षों के दौरान जेजेएम परियोजनाओं के लिए तेलंगाना को जारी की गई निधि कितनी है;
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(घ) क्या तेलंगाना में उच्च फ्लोराइड प्रभावित बस्तियों के लिए विशेषकर जल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना, फ्लोराइड कम करने संबंधी प्रौद्योगिकी का उपयोग करने या अन्य उपाय जैसी कोई केंद्रीय तकनीकी सहायता प्रदान की गई है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क) से (ग): जल जीवन मिशन (जेजेएम) आईएमआईएस डैशबोर्ड के अनुसार, तेलंगाना के 100 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को जेजेएम के तहत नल जल कनेक्शन से कवर किया गया है।

(घ) और (ङ): तेलंगाना राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, मिशन भागीरथ कार्यक्रम के माध्यम से वर्ष 2019 तक सभी फ्लोराइड प्रभावित बसावटों को स्वच्छ पेयजल से कवर कर दिया गया था।

*****